तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 7 अक्टूबर 2025



11 अब जोन से नहीं, मुख्यालय से होगा सफाई का ठेका, 70...



12 चौकसील मेले में शरद पूर्णिमा की रात उदंती टाइगर रिजर्व...







आवश्यकता है
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
•सेल्समेन-सेल्सगर्ल
•कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
•लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
गंज रोड, नवापारा (राजिम)
फोन : 9893744470


## सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी समस्याओं से जूझ रहा मोतीपानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 35 किमी दूर राजापड़ाव गौरगांव इलाके के ग्राम पंचायत भुतबेड़ा के आश्रित ग्राम मोतीपानी मूलभूत बुनियादी सुविधाओं को तरस रहा है। यहां के ग्रामीण पिछले 30 वर्षों से बिजली, पेयजल, स्कूल, स्वास्थ्य, सड़क जैसी मांगों को लेकर लगातार आवेदन निवेदन करते थक चुके हैं लेकिन ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। ग्राम मोगराडीह से 03 किमी दूर मोतीपानी तक पगडंडी कच्चा सड़क के कारण बारिश के इन दिनों में लोगों को गांव तक पहुंचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कई बार पक्की सड़क निर्माण की मांग कर चुके हैं और तो और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण के लिए 2018-19 में सर्वे किया गया था और लोगों को सड़क निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ होने का आश्वासन दिया था लेकिन अब तक सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ जिसके कारण बारिश के इन दिनों में दलदल और कीचड़ में लोगा को पैदल आना जाना मुश्किल हो गया है और तो और राशन लेने के लिए ग्रामीणों को मोगराडीह भुतबेड़ा जाना पड़ता है ग्रामीणों ने पक्की सड़क निर्माण की मांग किया है। ग्रामीण हुलारसिंह, नवलसिंह, सगरूराम, प्रेमलाल, अर्जुन कुमार ने बताया सड़क नहीं है और तो और स्कूल भवन नहीं है झोपड़ी स्कूल संचालित हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया की ▶▶| शेष पेज 11 पर

### मोंगराडीह से मोतीपानी तक पगडंडी सड़क में दलदल कीचड़ से लोग परेशान





## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त दो आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** बलौदा पुलिस ने महुआ शराब परिवहन कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति एक मोटर सायकल में अवैध हाथ भट्ठी देशी महुआ शराब रखकर पाईकपारा की ओर परिवहन करते आ रहे हैं। संदेह पर उक्त दोनो व्यक्ति से पूछताछ की गई, जिस पर उन्होंने अपने नाम शिवकुमार जोल्हे पिता मनमोहन जोल्हे (32 साल) पलसापाली थाना बलौदा और रामसुंदर बरिहा पिता कुंजबिहारी बरिहा (35 वर्ष) छिबर्रा का निवासी होना बताए। तलाशी के दौरान दोनों व्यक्ति के कब्जे से 25 लीटर हाथ भट्ठी देशी महुआ शराब कीमत 5000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम बोईरगांव में मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध कोमाखान थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी टियन कुमार साहू पिता ताम्रध्वज साहू (39 साल) बोईरगांव थाना कोमाखान ने बताया कि 3 अक्टूबर को रात करीबन 10 बजे उसके घर के सामने देवीलाल यादव, शिवकुमार यादव, परेश यादव एवं इनके साथी गाली गलौज कर रहे थे, जिन्हें उसने मना किया। इसके बाद वह कुछ मेहमानों के साथ दशहरा देखने बस्ती अंदर चला गया। दो घंटे के बाद जब दशहरा देखकर घर वापस आया, इसके बाद देवीलाल यादव, शिवकुमार यादव, परेश यादव तीनो एवं अपने साथियों के साथ आये, तब उनसे कहा कि मेरे घर के दरवाजा को क्यों तोड़े हो। इस पर वे गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने लगे। मारपीट करते देखकर जब उसकी पत्नी कौशिल्या साहू एवं डेढ़ सास नरेश्वरी साहू एवं भाई प्रेमलाल साहू बीच बचाव करने आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई।

### दो मामलों में साढ़े 4 लाख का गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** जिला पुलिस ने तस्करी के दो मामलों में साढ़े 4 लाख रुपए का गांजा बरामद किया है। इन मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। वहीं फरार तस्करों की तलाश जारी है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद कलर का स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमएच 01 ईई 5986 का चालक अवैध मादक गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे हैं। इसके बाद थाना चौक में जाकर नाकाबंदी किया गया। कुछ समय बाद मुखबिर के बताये हुलिया की एक सफेद कलर का स्विफ्ट डिजायर कार आई, जिसे रोकने का प्रयास किया गया। लेकिन, कार चालक ने तेज रफ्तार से वाहन को चलाकर सिंघोडा मंदिर के सामने छोड़ दिया और जंगल की ओर भाग गया। कार की तलाशी के दौरान 20.100 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 3,00,000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 20 (बी)(ii)(बी) नारकोटिक एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। इसी तरह दूसरे मामले में मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक सफेद कलर की आई 10 कार क्रमांक एमएच 01 बीजी 6629 में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर ओडिशासे छत्तीसगढ की ओर आ रहे हैं।

### विरोध : बढ़ती बिजली दरों पर जिले में कांग्रेस का हल्लाबोल

## बिजली दरों में वृद्धि का विरोध, कांग्रेस ने निकाली रैली, कार्यालय का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

प्रदेश में लगातार बढ़ती बिजली दरों और हाफ बिजली योजना' बंद किए जाने के विरोध में सोमवार को गरियाबंद में कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय से रैली की शक्ल में नारे लगाते हुए निकले और बिजली कार्यालय पहुंचकर सरकार के खिलाफ जबरदस्त हल्ला बोला। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां, बैनर और झंडे लेकर "बिजली दरों में बढ़ोतरी वापस लो, "जनता का शोषण बंद करो" जैसे नारे लगाए। गरियाबंद की सड़कों पर कांग्रेसजनों का यह विरोध मार्च लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचता रहा। प्रशासन ने किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया था। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। जिला कांग्रेस अध्यक्ष भाव सिंह साहू ने कहा की भाजपा सरकार को जनता की तकलीफों से कोई लेना-देना नहीं है। हाफ बिजली योजना खत्म करने के बाद अब आम उपभोक्ता पर महंगाई का पहाड़ टूट पड़ा है। बिजली बिल में लगातार बढ़ोतरी से लोग परेशान हैं। अगर सरकार ने इस फैसले को वापस नहीं लिया तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी।" वरिष्ठ कांग्रेस नेता भवानी शंकर शुक्ला ने कहा की कांग्रेस शासन में लोगों को राहत और विश्वास मिला था, मगर भाजपा सरकार के आने के बाद वही जनता अब परेशानियों से ▶▶| शेष पेज 11 पर





### कांग्रेस ने दी आंदोलन तेज करने की चेतावनी

इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में सरकार से 'हाफ बिजली योजना' को पुनः शुरू करने और बढ़ी हुई दरों को वापस लेने की मांग की। विरोध प्रदर्शन में हाफिज ख़ान, संजय नेताम, छगन यादव, संदीप सरकार महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे। कांग्रेस नेताओं ने साफ चेतावनी दी कि यदि बिजली बिलों में बढ़ोतरी वापस नहीं ली गई तो आने वाले दिनों में प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता की आवाज अब सड़कों पर गूंजेगी और भाजपा सरकार को अपने फैसले वापस लेने होंगे।

## धान की फसल में कीटों का हमला, किसान हैं परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

■ कृषि विभाग से जानकारी न मिलने पर दवा विक्रेताओं पर निर्भरता

धान की फसल में बालियां आने के साथ ही अब कीट पतंगों का प्रकोप तेजी से बढ़ गया है, जिससे किसान अत्यधिक चिंतित हैं। इस समय धान की फसल को पेनिकल माइट, भूरामाहो (ब्राउन प्लांट हॉपर), और तनाछेदक जैसी बीमारियों से गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। किसानों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि कृषि विभाग के फील्ड अफसर समस्या से बेखबर हैं और उन्हें इन बीमारियों के निदान के लिए आवश्यक दवाओं के बारे में कोई समुचित जानकारी या सलाह नहीं मिल रही है। भूरामाहो और तनाछेदक जैसी बीमारियों का विस्तार दिन-ब-दिन होता जा रहा है। माहो एक खेत से दूसरे खेत में फैल रही है, जिससे फसल पूरी तरह से तैयार होने से पहले ही खराब होने लगी है। किसान अपनी फसल को बचाने के लिए 3 से 4 बार तक कीटनाशक दवा का छिड़काव कर रहे हैं, लेकिन ये दवाएं काम नहीं आ रही हैं। कई किसान अब लाभ की उम्मीद छोड़कर, केवल फसल की लागत वापस पाने की उम्मीद कर रहे हैं। विशेषज्ञ ▶▶| शेष पेज 11 पर

### दवा विक्रेताओं की सलाह पर निर्भर किसान

कृषि विभाग से सही जानकारी न मिलने के कारण, किसान दवा विक्रेताओं की सलाह पर फसल में कीटनाशक का छिड़काव करने को मजबूर हैं। बीमारी के बारे में सही ज्ञान न होने के कारण विक्रेता उन्हें कोई भी दवा थमा देते हैं, जिससे रोग का निदान तो नहीं होता, बल्कि किसानों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है और उपचार के नाम पर लागत में बढ़ोतरी होती जा रही है।

## छग की लोक संस्कृति ने हैदराबाद में बिखेरी छटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद





दक्षिण मध्य सांस्कृतिक केंद्र नागपुर जोन द्वारा आयोजित लोक कला यात्रा 2025 में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति ने अपनी अद्भुत छाप छोड़ी। हैदराबाद के माधोपुर शिल्पारामम में 30 सितंबर से 2 अक्टूबर तक हुए तीन दिवसीय राष्ट्रीय आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों पंजाब, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के सांस्कृतिक दलों ने भाग लिया। इस भव्य आयोजन में गरियाबंद जिले के प्रेम यादव के नेतृत्व में लोक संस्कृति पारंपरिक लोक नृत्य संस्था की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। 15 सदस्यीय दल ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक संस्कृति और नृत्य की झलक मंच पर जीवंत कर दी। कलाकारों की पारंपरिक वेशभूषा, मनमोहक नृत्य मुद्राएँ और सुगन पारंपरिक वाद्य यंत्रों की थाप ने दर्शकों का दिल जीत लिया। दर्शकों ने उत्साहपूर्वक छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य की सराहना की। प्रेम यादव की यह टीम पूर्व में भी कई राष्ट्रीय मंचों पर छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ा चुकी है। इस दल ने दिल्ली के लालकिला में 15 अगस्त को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के समक्ष प्रस्तुति दी थी। इसके अलावा उत्तराखंड, जयपुर, हैदराबाद, उज्जैन, इलाहाबाद, प्रदेश के विधानसभा भवन और मुख्यमंत्री निवास जैसे अनेक महत्वपूर्ण स्थलों पर भी शानदार प्रस्तुतियां दी हैं। दल प्रमुख प्रेम यादव के नेतृत्व में टीम के सदस्य छगन यादव, प्रहलाद यादव, उत्तम यादव, मुकेश यादव, झंकार यादव, टंकेश्वर यादव, चम्मन यादव, जोहत राम, राधेश्याम यादव, सावित्री यादव, चेतना यादव, किरण, सरोज, गूंजा, खुशलता, राजदुलारी और अजय यादव ने अपनी-अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लोक कला यात्रा 2025 में गरियाबंद की इस प्रस्तुति ने न केवल छत्तीसगढ़ी संस्कृति को राष्ट्रीय मंच पर नई पहचान दिलाई बल्कि यह साबित किया कि प्रदेश की लोक परंपराएँ आज भी देशभर में अपनी सशक्त उपस्थिति बनाए हुए हैं।

## जलप्रपात का मनोरम दृश्य .....



**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के भीतर जलप्रपातों की सुंदरता इन दिनों निखर गई है। झमाझम लगातार हो रही बारिश के कारण जलप्रपातों से गिर रहे पानी की धार और उसकी खुबसुरती देखते ही बन रही है हालंकि इन जलप्रपातों तक अभी पहुंचना बेहद खतरनाक साबित हो सकता है कारण बारिश के दिनो में कुलाप जलप्रपात, देवदहरा जलप्रपात, ओड़ जलप्रपात के आसपास फिसलन बढ़ गई है और घने जंगल के साथ हाथी प्रभावित क्षेत्र होने के कारण यहां जाने से पहले वन विभाग से अनुमति लेना और उनके गाइड ले जाना ही सुरक्षित साबित होगा।

### 130 रुपए प्रति लीटर की दर से बिकने वाला तेल 110 से 120 हुआ

## खाद्य तेलों की कीमतों में गिरावट से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

बढ़ती महंगाई की मार झेल रहे आम लोगों के लिए एक बड़ी राहत की खबर सामने आई है। खाद्य तेलों की कीमतों में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है, जिससे करोड़ों परिवारों के मासिक बजट पर सकारात्मक असर पड़ा है। जो खाद्य तेल कुछ समय पहले 120 से 130 प्रति लीटर की दर से बिक रहा था, अब वह 110 से 120 की सीमा में आसानी से उपलब्ध है। यह गिरावट केवल महानगरों तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी महसूस की जा रही है। बाजार में उपलब्ध विभिन्न प्रकार के खाद्य तेलों में 5 से 8 प्रति लीटर तक की कटौती देखने को मिली है।

**गिरावट के प्रमुख कारण-** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे पाम ऑयल की कीमतों में स्थिरता। घरेलू स्तर पर तेल की बेहतर आपूर्ति व्यवस्था। सरकार की उचित नीतियां और समय पर किए गए हस्तक्षेप।

**त्योहारी सीजन में दोहरी खुशी-** कीमतों में यह कमी ऐसे समय में आई है, जब दीपावली, दशहरा, दुर्गा पूजा जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों का सीजन शुरू हो चुका है। कंपनियों ने अपने डिस्ट्रीब्यूटरों और रिटेलर्स को नई दरें तत्काल लागू करने के निर्देश जारी किए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों, जिनमें नारायण सिंह ठाकुर, झवर अग्रवाल, कुशल ध्रुव, सुरेन्द्र ठाकुर, नरेश सोरी, कुबेर बारिक और डोमेश चौहान शामिल हैं, ने इस कदम को सराहा है और कहा है कि त्योहारी मौसम में यह राहत और भी सुखद है। त्योहारों के आगमन के साथ ही पारंपरिक पकवान और मिठाइयों की तैयारी शुरू हो जाती है, ऐसे में तेल की कीमतों में आई यह कमी परिवारों के लिए दोहरी खुशी लेकर आई है।



### बचत का प्रभाव

इस कीमत कटौती का सबसे अधिक लाभ मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों को मिल रहा है। एक सामान्य परिवार प्रतिमाह लगभग 2 से 3 लीटर तेल का उपयोग करता है, जिससे अब उन्हें मासिक रूप से 15 से 25 की बचत हो रही है। यह राशि भले ही छोटी लगे, लेकिन वार्षिक आधार पर यह बचत 200 से 300 तक पहुंच सकती है, जो इन परिवारों के अन्य आवश्यक खर्चों के लिए अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराती है।

## हाथियों ने फसलों को रौंदा तत्काल मुआवजा दें : कांग्रेस

**मैनपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव एवं महामंत्री गेंदु यादव ने कहा की मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में पिछले दो माह से हाथियों के दल के द्वारा लगातार गांवों में घुसकर मकानों को तोड़फोड़ किया जा रहा है। किसानों के धान, मक्का और दलहन तिलहन के फसलों को जमकर नुकसान पहुंचाया जा रहा है। वन विभाग द्वारा किसानों को पर्याप्त मुआवजा राशि नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश और नराजगी देखने को मिल रही है। कांग्रेस नेताओं ने कहा की अब तक हाथियों के दल के द्वारा सैकड़ो एकड़ फसलों को तबाह किया जा चुका है किसान और ग्रामीण डर से घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे है वन विभाग किसानों और ग्रामीणों को सुरक्षा देने में नाकाम साबित हो रहा है जिसके कारण त्यौहारी सीजन में आम जनता ग्रामीणजन बेहद परेशान है। राशन और जरूरी दवा इलाज के लिए भी ग्रामीण शाम के समय हाथियो के डर से मैनपुर तक नही पहुंच पा रहे है। कांग्रेस के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव एवं महामंत्री गेंदु यादव ने कहा वन विभाग द्वारा किसानो को प्रतिएकड़ 50 से 60 हजार रूपये मुआवजा राशि दिया जाना चाहिए और ग्रामीणों को सुरक्षा प्रदान किया जाये किसानो को मुआवजा राशि दिलाने की मांग को लेकर कांग्रेस आंदोलन करेगी।



## खबर संक्षेप



### मोंहदा में हुआ सामाजिक अंकेक्षण का कार्यक्रम

**अरंड (पिथौरा)।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत 6 अक्टूबर 2025 सोमवार को शासकीय प्राथमिक शाला मोंहदा में ग्रामवासी व पालकों की उपस्थिति में बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता परखने के लिए सामाजिक अंकेक्षण का कार्यक्रम हुआ। जिसमें सभी कक्षाओं के बच्चों ने भाग लिया। सामाजिक अंकेक्षण प्रभारी राजेंद्र कुमार ठाकुर व पालकों द्वारा बच्चों के शैक्षणिक गुणवत्ता स्तर जानने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रश्नों से बच्चों के शैक्षणिक स्तर को परखा तथा बच्चों के पढ़ाई स्तर से संतुष्ट हुए। इस कार्यक्रम में प्रभारी हेडमास्टर हरिशंकर पटेल, सहायक शिक्षिका चंद्रकांति ठाकुर तथा पालकों में बैजंती यादव, सत्या यादव, सविता ठाकुर, सावित्री गोस्वामी एवं कामताप्रसाद यादव, देवनारायण यादव, शाखाराम पटेल, मनशाराम बरिहा, मानसिंह गोंड, बलराम खड़िया सक्रिय रूप से भाग लिए तथा बच्चों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया।

### भारत का दो माह से बिजली बिल माइनस में

**महासमुंद।** भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों के लिए ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हो रही है। इस योजना का उद्देश्य देश के आवासीय परिवारों को अपनी बिजली स्वयं उत्पन्न करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके अंतर्गत 5 किलोवाट तक के सोलर रूफटॉप सिस्टम पर केंद्र सरकार द्वारा 78,000 रुपए तथा राज्य सरकार द्वारा 30,000 रुपए तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इस पहल से न केवल आम जनता को आर्थिक राहत मिल रही है, बल्कि अक्षय ऊर्जा को भी बढ़ावा मिल रहा है। जिले के अनेक नागरिक इस योजना का लाभ उठा रहे हैं और अपने अनुभव साझा कर रहे हैं। कौशिक कॉलोनी निवासी भारत सिंह साहू ने बताया कि उन्होंने अपने घर की छत पर 5 किलोवाट क्षमता का सौर पैनल सिस्टम स्थापित कराया है। उन्हें टीवी और समाचार पत्रों के माध्यम से इस योजना के बारे में पता चला और इसके पश्चात ही उन्होंने योजना की जानकारी जुटाकर आवेदन किया। पंजीकृत वेंडर द्वारा सोलर सिस्टम स्थापित किए जाने के बाद पिछले दो माह से अब उनका बिजली बिल शून्य हो गया है। साथ ही क्रेडिट यूनिट का भी लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा, बिजली बिल न के बराबर रह गया है और सबसे बड़ी बात यह है कि यह निवेश मात्र दो-तीन साल में ही वसूल हो जाएगा।

### बिरनपुर मामला भाजपा की सोची समझी साजिश : संदीप साहू

**महासमुंद।** बिरनपुर मामले में सीबीआई ने विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल किया है। चार्जशीट के अनुसार बिरनपुर मामले में भाजपा ने सांप्रदायिक और जातीय कार्ड खेला था। विवेचना में स्पष्ट हुआ कि यह घटना दो बच्चों के झगड़े से शुरू होकर दो परिवारों तक पहुंचा और बाद में यह दो समुदायों का झगड़ा बन गया। सीबीआई ने अपनी जांच में यह भी पाया कि यह एक मामूली झगड़ा था। उक्त बातें कसडोल विधायक संदीप साहू ने प्रेसवार्ता में कहीं। विधायक संदीप ने कहा कि सीबीआई जांच के बिंदु भाजपा सरकार ने तय किया था।

## कार्यक्रम : आत्मनिर्भर भारत एवं जीएसटी रिफॉर्म कार्यशाला का आयोजन

# जीएसटी रिफॉर्म को लेकर हुई कार्यशाला सांसद ने व्यापारियों व ग्राहकों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

भाजपा मंडल द्वारा आत्मनिर्भर भारत एवं जीएसटी रिफॉर्म कार्यशाला स्थानीय गीत भवन में हुई। कार्यशाला में मुख्य वक्त के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता मंडल प्रभारी डॉ एनके अग्रवाल बसना उपस्थित थे। जिला उपाध्यक्ष विपिन उबोवेजा, जिला महामंत्री संजय शर्मा एवं सोसायटी अध्यक्ष अनंत पटेल ने भी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया।

डॉ अग्रवाल ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि का प्रतीक है। इसका उद्देश्य भारत को केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि विश्व का निर्माता और मार्गदर्शक बनाना है। उन्होंने जोर दिया कि गांव-गांव और नगर नगर तक आत्मनिर्भरता की अलख जगाना हमारा लक्ष्य है। वोकल फॉर लोकल से लेकर स्टार्टअप और मेक इन इंडिया तक यह संकल्प प्रत्येक नागरिक के सहयोग से ही संभव होगा। आगे उनहोंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के लिए प्रेरित कर रही है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और नगर-नगर में मतदाताओं व उपभोक्ताओं से संपर्क कर स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने के लिए प्रेरित करने की अपील की, ताकि देश आत्मनिर्भर बन सके। जीएसटी रिफॉर्म से दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली वस्तुएं सस्ती हुई है जिससे नागरिकों को इसका लाभ मिलेगा।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन जबोवेजा ने कार्यशाला के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि यह कार्यशाला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में आयोजित की गई हैं। अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना और विदेशी वस्तुओं तथा सेवाओं पर निर्भरता को कम करना है। स्थानीय लघु उद्योगों को समर्थन देकर देश की पूंजी को देश में ही संवाहित करने की व्यवस्था को मजबूत करना है।

जीएसटी रिफॉर्म के बारे में बताया कि केंद्र सरकार द्वारा अब जीएसटी की दो ही स्लैब कर दी गई है। कार्यशाला में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष गुंजन अग्रवाल, महामंत्री विदित धनानिया डॉ प्रकाश पटेल, मंडल उपाध्यक्ष गजेंद्र ठाकुर, मो अख्तर, मंडल मंत्री नेपाल बीसी, युवराज प्रधान, प्रखर अग्रवाल, पूर्व पार्षद जेपी यादव, मनोज दास, पार्षद युवराज गोस्वामी, राजा बग्गा, दीपक मखीजा, जयपाल सिंह, अविनाश सिंह, अजय अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, मनोज आदित्य, युवा नेता शिवा जायसवाल, आदर्श गुप्ता, अभिनव सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन मंडल महामंत्री विदित धनानिया ने किया।



### जीएसटी रिफॉर्म को लेकर सांसद ने व्यापारियों से मुलाकात की

नगर में जीएसटी रिफॉर्म बचत उत्सव के अंतर्गत महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी ने भ्रमण कर नगर के व्यापारियों और ग्राहकों से मुलाकात कर केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी कटौती के फायदे को लेकर चर्चा की। भ्रमण के दौरान दुकानदार एवं ग्राहकों ने बताया कि जीएसटी दरों में कमी से अब रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं और सेवाएं पहले से अधिक किफायती हो गई है। इससे न केवल आम उपभोक्ता को राहत मिली है, बल्कि व्यापारियों के लिए भी कारोबार करना और सरल हो गया है। सांसद के साथ स्थानीय भाजपा नेता जिला उपाध्यक्ष विपिन उबोवेजा, जिला महामंत्री संजय शर्मा, भूपेश सलूजा, प्रदीप साहू, मंडल अध्यक्ष गुंजन अग्रवाल, महामंत्री विदित धनानिया, जनपद उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी, मंडल मंत्री नेपाल बीसी, युवराज प्रधान, अजय अग्रवाल, लिंगराज साहू, युवा नेता शिवा जायसवाल एवं आदर्श गुप्ता आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शहीद वीर नारायण सिंह ग्रामीण कबड्डी स्पर्धा हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

ग्राम नरतोरा में शहीद वीर नारायण सिंह समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित जय शहीद वीर नारायण सिंह ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता 2025 का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। इस प्रतियोगिता में आसपास के विभिन्न गांवों की टीमों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। दिनभर चले रोमांचक मुकाबलों के दौरान खिलाड़ियों का जोश देखने लायक था। ग्रामीणों की भारी भीड़ ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पहला इनाम समस्त ग्रामवासी नरतोरा की तरफ से 9000 बगारपाली कबड्डी टीम, द्वितीय स्थान पर नरतोरा रही, उन्हें एसएसबी जवान किशोर चौहान की ओर से, तृतीय स्थान पर रायपुर की टीम रही उन्हें 4000 जीतराम पटेल सरपंच नरतोरा ने प्रदान किया, चतुर्थ में सरकेल को 3000 डा. दीपक मधुकर, पंचम में कस्तूरबोड को 2000 हेमलाल यादव पूर्व सरपंच नरतोरा, छठे स्थान में बांदोमुड़ा 1000 गणेश किराना स्टोर और सातवें स्थान पर घोंच की टीम रही उसे देवा सेंट्रिंग सप्लायर 701 रुपए की राशि प्रदान किया गया। बेस्ट रेडर, बेस्ट कैचर, बेस्ट ऑलराउंडर, बेस्ट ब्लॉकर को ट्रॉफी दिवम स्पोर्ट्स झलप द्वारा दिया गया। फाइनल मुकाबले में विजेता टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। समापन पर अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और नगद पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सभापति सुषमा टंडन, सरपंच जीतराम पटेल, राजू दीवान, रामजी पटेल, छबींद्र पटेल, ओमकार, टिकेश्वर, ईश्वर, इंद्रदत्त, टोपेश, भोजनाथ, भारत, फागराम, उत्तम, गोवर्धन, नूतन, दीनानाथ एवं दीनदयाल सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन समिति के सदस्यों धोनी दीवान, डेलन ध्रुव, गजेंद्र दीवान एवं समस्त ग्रामवासियों ने सफल आयोजन के लिए सभी टीमों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

### नपाध्यक्ष को महिलाओं ने बताई समस्या



**महासमुंद।** स्थानीय वार्ड क्रमांक 28 मौहारीभाठा की महिलाओं ने नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू से मुलाकात कर अपनी समस्याएं बताई। महिलाओं ने वार्ड की विभिन्न समस्याओं से भी अध्यक्ष साहू को अवगत कराया। जिस पर नपाध्यक्ष ने अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

## चिरायु दल की मेहनत से बची बच्चे की जान, हुआ सफल ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

- स्कूल में स्वास्थ्य जांच के दौरान हुई बीमारी की जानकारी

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चिरायु टीम को ग्राम बरेकेल खुर्द के शासकीय विद्यालय में स्वास्थ्य जांच के दौरान छात्र आकाश भारद्वाज को गंभीर हृदय रोग होने की जानकारी मिली। जांच में डॉ. वीरेंद्र प्रजापति और डॉ. तनुजा चंद्राकर ने बच्चे की स्थिति को गंभीर पाया और तुरंत अधिकारियों को बताया।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला सलाहकार अनुपम शर्मा के मार्गदर्शन में खंड चिकित्सा अधिकारी पिथौरा डॉ. तारा अग्रवाल ने बच्चे के इलाज के लिए तत्काल कदम उठाए। चिरायु दल ने बच्चे को बालाजी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, मोवा में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसका सफल ऑपरेशन किया। अब बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है।

टीम के सदस्य डॉ. वीरेंद्र प्रजापति, डॉ. तनूजा चंद्राकर, फार्मासिस्ट लेखरंजन पटेल, एएनएम राजकुमारी बंजारे और लैब टेक्नीशियन बेनूराम सिन्हा हाल ही में बच्चे के घर जाकर उसके स्वास्थ्य की जानकारी ली। विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक जयकांत विश्वकर्मा ने कहा कि यह चिरायु दल की सतर्कता और टीमवर्क का नतीजा है। वहीं डॉ. तारा अग्रवाल ने बताया कि चिरायु दल लगातार स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की जांच कर रहा है ताकि किसी भी बीमारी का समय पर इलाज हो सके।

## बालक स्कूल में प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय बालक प्राथमिक शाला तुमगांव में प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी शिक्षक जितेंद्र कुमार साहू के मार्गदर्शन में आयोजित हुई, जिसमें कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

दशहरा अवकाश के पूर्व सभी विद्यार्थियों को गृहकार्य स्वरूप प्रोजेक्ट वर्क दिया गया था, जिसे बच्चों ने अत्यंत सुंदर और रचनात्मक रूप में तैयार किया। प्रदर्शनी के दिन बच्चों ने अपने प्रोजेक्ट्स की प्रस्तुति दी और विषयों की उत्कृष्ट समझ का प्रदर्शन किया। गणित विषय में विद्यार्थियों ने जोड़, घटाना, गुणा, भाग, बढ़ते क्रम एवं घटते क्रम पर आकर्षक मॉडल व चार्ट बनाए। हिंदी विषय में विलोम शब्द, समानार्थी शब्द, शब्द निर्माण एवं मात्रा पहचान जैसे विषयों पर बच्चों ने सुंदर प्रदर्शन किया। पर्यावरण अध्ययन में विद्यार्थियों ने वृक्षों के नामांकित चित्र, फूलों, फलों और सब्जियों के नाम पर सुंदर प्रोजेक्ट बनाकर प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में विद्यालय के संस्था प्रमुख संगीता रात्रे, शिक्षक जितेंद्र कुमार साहू,शिक्षादान शिक्षक प्रभा कोसले सभी उपस्थित रहे और विद्यार्थियों की मेहनत एवं सृजनशीलता की प्रशंसा की। यह प्रदर्शनी न केवल बच्चों के ज्ञानवर्धन का माध्यम बनी, बल्कि उनके आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति कौशल को भी निखारने में सहायक रही।

## पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक में प्रांतीय उपाध्यक्ष का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पेंशनर्स एसोसिएशन महासमुंद की नियमित मासिक बैठक 5 अक्टूबर को गोवर्धन साहू वरिष्ठ उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई। बैठक के प्रथम चरण में सर्वप्रथम सभा अध्यक्ष नवनिर्वाचित प्रांतीय उपाध्यक्ष, अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, संगठन मंत्री, कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा सरस्वती माता की विधिवत पूजन कर बैठक प्रारंभ की गई।

इसी क्रम में भगतराम साहू ने (गायत्री परिवार) की ओर से ऐतिहासिक तथा अध्यात्मिक तिथियों पर प्रकाश डालते हुए सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसके उपरांत महासमुंद तहसील अध्यक्ष रामकुमार साहू की माता झालोबाई साहू के दुखद निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने महासमुंद से प्रांतीय उपाध्यक्ष पद के लिए दो सदस्यों के मनोनयन के लिए प्रांताध्यक्ष यशवंत देवान के प्रति अभार व्यक्त करते हुए उपाध्यक्ष द्वय शिवकुमार साहू एवं के रिजवी का स्वागत फूलमालाओं एवं श्रीफल भेंटकर किया गया। दोनों पदाधिकारियों ने अपना संक्षिप्त परिचय सदस्यों को दिया। इस अवधि में कार्यक्रम का संचालन संगठन मंत्री चमनलाल साहू ने किया।

स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से गोवर्धन साहू, आर साहू, भूषण भोसले, एमपी साहू, आईएम कुरैशी, नेहरू साहू, बोधन साहू, सुरेश क्षेत्रपाल, राजेन्द्र परिहार, टीपी वर्मा, कोमन चंद्राकर, सुभाषनंद, संतोष साहू, तिलचंद, मुरलीधर पटेल, संतुराम साहू, राधेश्याम चंद्राकर आदि सम्मिलित हुए। उपरांत जिन सदस्यों का जन्म तिथि माह सितंबर/अक्टूबर में है उन्हे सभी सदस्यों ने करतल ध्वनी के साथ जन्म दिन की बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की।

इस मौके पर प्रांतीय उपाध्यक्ष शिवकुमार साहू ने अपने उदबोधन में प्रांताध्यक्ष के नेतृत्व के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए अपनी सफलता का श्रेय महासमुंद संगठन से जुड़े समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों को दिया। भविष्य में संगठन की सक्रियता को गति देने का संकल्प व्यक्त किया। प्रांतीय उपाध्यक्ष के रिजवी ने सभी सदस्यों से निरंतर सक्रिय रहने तथा स्वयं को हमेशा व्यस्त रखने की सलाह दी। उन्होंने अपने स्वागत के लिए सभी को धन्यवाद देते हुए संगठन को निरंतर सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। इसी क्रम में संगठन मंत्री चमनलाल साहू ने दोनों पदाधिकारियों के चयन को महासमुंद जिले की उपलब्धि बताते हुए सांगठनिक गतिविधियों में सभी के सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष आर साहू ने दोनों पदाधिकारियों को शुभकामना देते हुए आशा व्यक्त की कि पेंशनर्स एसोसिएशन आप दोनों के नेतृत्व में नयी उंचाई पर पहुंचेगा। बैठक में उपस्थित मुरलीधर पटेल ने स्वरचित देशभक्ति पूर्ण तथा श्रृंगार रस के काव्य पाठ से संपूर्ण वातावरण को काव्यमय कर दिया।

इसी तारतम में देवनारायण सिंह बिसेन ने विविध विषयों पर हास्य प्रसंग एवं कथानक प्रस्तुत कर सबकी वाहवाही लूटी। इस बैठक में आईएम कुरैशी, संतोष साहू, भूषण भोसले, आर साहू, के रिजवी, राजेंद्र सिंह परिहार आदि जागरूक सदस्यों ने संगठन संचालन के लिए स्वेच्छा से सहयोग राशि भेंट की, जिसकी सभी सदस्यों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। आभार प्रदर्शन संगठन मंत्री चमनलाल साहू ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से शिवनंदन भोसले, रूपचंद वर्मा, गौकरण सिंह ठाकुर, कोमनलाल चंद्राकर, एनके शर्मा, मेघनाथ साहू, एसपी तिवारी, एमपी साहू, रामटहल निषाद, नारायणलाल साहू, डीएन बिसेन, बोधनलाल साहू आदि मौजूद रहे।

## अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष बने कमलेश्वर



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ बागबाहरा का 4 अक्टूबर को पदाधिकारियों का हाईस्कूल बागबाहरा में हुआ। चुनाव प्रक्रिया को पूर्ण कराने के लिए पर्यवेक्षक के रूप में श्यामरतन सागर जिलाध्यक्ष महासमुंद व अमन पटेल संचालक जिला महासमुंद की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से निर्विरोध हुआ। जिसमें कमलेश्वर चंद्राकर (अध्यक्ष), मदन लाल साहू (सचिव), संतोष साहू (उपाध्यक्ष), कुलेश चौहान (कोषाध्यक्ष), दीपक साहू (सहसचिव), बलदेव ठाकुर (संगठन महामंत्री), ठाकुर राम साहू (मीडिया प्रभारी), बालकृष्ण पटेल (संरक्षक), संचालक योगेंद्र टंडन, कार्यकारिणी सदस्य बेनू राम दीवान, महिला प्रकोष्ठ सदस्य रामेश्वरी साहू, अनिता निषाद, कुमारी साहू, प्रभा दीवान, एवं चुनाव में ब्लाक के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे। युक्त जानकारी मानिक लाल टंडन ने दी है।

### आईटीआई में यूथ रेडक्रास टीम का हुआ गठन

**महासमुंद।** आईटीआई महासमुंद में यूथ रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा प्रभारी प्राचार्य वायपी ध्रुव के मार्गदर्शन व रेड क्रॉस प्रभारी खिलेश्वरी ध्रुव एवं सह प्रभारी देवेंद्र यादव के निर्देशन में एक दिवसीय प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण प्रशिक्षणार्थियों को दिया गया। प्राथमिक सहायता के अंतर्गत एसएसएस, एवीपीयू, एलएलएफ और सीपीआर के बारे में बताया गया। रेड क्रॉस प्रभारी खिलेश्वरी ध्रुव ने रेडक्रॉस के इतिहास के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण अधिकारी एचएल वर्मा ने रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण अधिकारी भूपेंद्र कुमार साहू ने फर्स्ट एड किट में आवश्यक दवाइयों और सामग्रियों की जानकारी दी। प्रशिक्षण अधिकारी बदरूद्दीन द्वारा प्रशिक्षणार्थियों के रेडक्रास टीम का गठन किया गया। इस मौके पर प्रशांत सिन्हा, गजानंद साहू, तुकाराम चौहान, नागेंद्र, भुवन एवं अन्य प्रशिक्षण अधिकारीगण सहित सभी 9 ट्रेड के प्रशिक्षणार्थिगण बहुतायत की संख्या में उपस्थित थे।

## कांग्रेसजनों ने किया बिजली कार्यालय का घेराव एवं तालाबंदी

**सरायपाली।** प्रदेश में लगातार बढ़ते बिजली दरों, अघोषित कटौती और "बिजली बिल हाफ योजना" को बंद करने के खिलाफ आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर सरायपाली में ब्लाक कांग्रेस कमेटी सरायपाली द्वारा बिजली विभाग कार्यालय सरायपाली का घेराव एवं तालाबंदी किया गया।

सरायपाली विधायक चातुरी नंद के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्तागण और आमजन बड़ी संख्या में सुबह जयस्तंभ चौक में एकत्र हुए, जहां से बिजली विभाग तक पदयात्रा (मार्च) निकाली गई। मार्च के दौरान "बिजली बिल हाफ करो – जनता से अन्याय बंद करो", "भाजपा सरकार मुर्दाबाद" और "वोट चोर गद्दी छोड़" जैसे नारों से पूरा सरायपाली गुंजायमान रहा। कांग्रेसी बड़ी संख्या में बिजली विभाग पहुंचकर बिजली विभाग के कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान विधायक चातुरी नंद ने बिजली विभाग के अधिकारियों को अघोषित बिजली कटौती सहित कई मुद्दों पर जमकर फटकार लगाई। इस दौरान कांग्रेसियों में बिजली विभाग में ताला जड़कर जमकर नारेबाजी की। कांग्रेसियों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी सौंपा।

## विधायक की संवेदनशील पहल, मातृत्व का सम्मान, नवजीवन का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जनसेवा और मानवीय संवेदना का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपनी धर्मपत्नी प्रिया सिंहा के साथ सोमवार सुबह जिला अस्पताल पहुंचकर शिशुवती माताओं और नवजात शिशुओं का कुशलक्षेम पूछा। इस अवसर पर उन्होंने लगभग 60 नवजात शिशुओं को वस्त्र, डायपर, तौलिया, स्वच्छता किट जैसी उपयोगी सामग्रियों का वितरण किया।

इस अवसर पर विधायक सिन्हा ने कहा कि मां और शिशु का स्वास्थ्य ही समाज की सबसे बड़ी पूंजी है। नवजीवन का यह क्षण केवल परिवार का नहीं, पूरे समाज का उत्सव होता है। हमारा संकल्प है कि हर माँ और हर बच्चे तक स्वास्थ्य सुविधाएं और आवश्यक संसाधन सुलभ रूप से पहुंचे। उन्होंने मातृत्व को ईश्वर



का वरदान बताते हुए कहा कि यह पहल मातृ शक्ति के प्रति श्रद्धा और स्नेह का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल जैसी संस्थाओं में यदि समाज के हर वर्ग का सहयोग मिले तो मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और बेहतर की जा सकती है। इस दौरान अस्पताल परिसर में सौहार्द्रपूर्ण वातावरण रहा। माताओं ने विधायक दंपत्ति की इस स्नेहमयी पहल के लिए आभार जताया।

इस अवसर पर स्काउट गाइड के राज्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल, कल्पना सूर्यवंशी, राहुल आवड़े, राजू चंद्राकर, प्रकाश शर्मा, शरद मराठा, हनीश बग्गा, रमेश साहू, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव, मेडिकल कॉलेज अधीक्षक डॉ. बसंत माहेश्वरी, नीलू धृतलहरे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं स्टाफ मौजूद रहे।

# जोरों से चमकी बिजली...जमकर गरजे बादल, तेज बारिश से सड़कें लबालब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रविवार को दोपहर 1 बजे के बाद राजधानी के ऊपर छाए काले बादल जमकर गरजे और जोरों से बिजली चमकी। घंटेभर हुई झमाझम बारिश से शहर की कई सड़कों पर पानी भर गया। मौसम में हुए बदलाव की वजह से वातावरण में ठंडक आ गई और तापमान ज्यादा ऊपर नहीं चढ़ पाया। बारिश की यह गतिविधि व्यापक न होकर खंड वर्षा जैसी रही। कई इलाकों में इसका प्रभाव झमाझम रहा, वहीं कुछ जगह मध्यम रूप में रहा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि यह बारिश अभी प्रदेश में व्यापक रूप में नहीं है। जिस इलाके में चलायमान बादल एकत्रित हो रहे हैं, वहीं जमकर बारिश हो रही है और बाकी स्थानों पर इसका असर ही नहीं हो रहा है। रविवार को भी कुछ इसी तरह की स्थिति राजधानी रायपुर समेत आसपास के इलाकों में बनी रही। सुबह 12 बजे कुछ हिस्सों में बारिश हुई। घंटेभर सामान्य रहने के बाद मौसम ने उग्र तेवर दिखाए।



## रविवार दोपहर में घंटेभर कुछ इलाकों में झमाझम तो कहीं मध्यम वर्षा





### कड़कड़ाती बिजली से सहमे शहरवासी

उत्तरी हिस्से से उठे काले बादल शहरभर में छाए और जमकर गरजे। कड़कड़ाती आवाज के साथ चमकी बिजली लोगों को भयभीत करती रही। इस दौरान शहर के बड़े हिस्से में मूसलाधार बारिश होने लगी। बारिश इतनी तेजी से गिरी कि गुढ़ियारी के अंडरब्रिज सहित शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर घुटनों तक पानी भर गया। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, माना में करीब 4 सेमी. पानी बरसा, वहीं लालपुर में इसका असर सामान्य रहा। शहरी इलाके में भारी मात्रा में पानी बरसा और आंकड़ा 5 सेमी. के करीब पहुंचा।

## खबर संक्षेप

### बिजली के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की भेंट

**छुईहा बेलर।** ग्राम पंचायत बिजली की सरपंच पद्मा निषाद, सरपंच पति मोतीराम निषाद और पूर्व सरपंच सेंदर रामाधार साहू ने समाजसेवी एवं युवा भाजपा नेता रूपसिंह साहू के नेतृत्व में माननीय राज्यपाल श्री रेमन डेका से सौजन्य भेंट की। भेंट के दौरान सरपंच पद्मा निषाद ने राज्यपाल को उनके द्वारा ग्राम पंचायत बिजली को गोद लिए जाने पर हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने इस कदम को ग्राम के लिए गौरव का विषय बताया। सरपंच ने राज्यपाल को पंचायत का विकास रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया और ग्राम में चल रहे विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। सरपंच निषाद ने कहा कि उनके पंचायत में विकास की अपार संभावनाएं हैं, जिन पर कार्य किया जा रहा है, लेकिन भविष्य में और अधिक कार्य किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने राज्यपाल से आग्रह किया कि इन कार्यों को शासन-प्रशासन द्वारा प्रथमिकता दिलाई जाए। इस अवसर पर राज्यपाल श्री डेका ने ग्राम पंचायत की प्रगति की सराहना की और भविष्य के विकास कार्यों में सहयोग का आश्वासन दिया। इस मुलाकात के दौरान सरपंच पति मोतीराम निषाद, पूर्व सरपंच सेंदर रामाधार साहू, समाजसेवी रूपसिंह साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### दुर्गोत्सव में रचनात्मक स्पर्धा के विजेता पुरस्कृत

**रायपुर।** श्रीश्री शारदीय दुर्गोत्सव त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति राजेंद्र नगर द्वारा दुर्गोत्सव के अवसर पर विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मंदिर परिसर में आयोजित इन प्रतियोगिताओं के अंतर्गत शंख वादन, धुनुची नृत्य, मोमबत्ती प्रज्वलन, म्यूजिकल चेयर, पास द बाल आदि का रोमांचक आयोजन किया गया। शंख वादन में प्रथम स्थान पर गोविंद बर्धन, द्वितीय मोनू पटेल, तृतीय अंकिता बर्धन रहीं। इसी तरह धुनुची नृत्य में निशांत बर्धन, सुजाता साहा, गोविंद बर्धन, मोमबत्ती प्रज्वलन में मनराखन, वेदांत बर्धन, कुणाल गोगिया, म्यूजिकल चेयर में आशीष, मयूरी लक्की और पास द बाल प्रतियोगिता में किरण, चिराग व मालती ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन विजेताओं को स्वामी परेशानंद महाराज व अन्य संतों तथा समिति के पदाधिकारियों ने पुरस्कृत किया।

## कर्मचारी से लेकर संसाधन तक उपलब्ध कराएगी एजेंसी

# अब जोन से नहीं, मुख्यालय से होगा सफाई का ठेका, 70 वार्डों के लिए होगी एक ही एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर के 70 वार्डों की सफाई के लिए अब जोन से वार्डवार अलग-अलग ठेके नहीं होंगे। इसके लिए निगम मुख्यालय का स्वास्थ्य विभाग मुख्यालय से सेंट्रलाइज्ड ऑनलाइन टेंडर करेगा, जिसमें बड़ी कंपनी पूरे शहर के 70 वार्डों के सफाई कार्यों के लिए कलेक्टर दर पर सफाई कर्मचारी, आवश्यक संसाधन अपने खर्च पर उपलब्ध कराएगी।

कार्य आधारित ठेके में 8 घंटे की ड्यूटी सफाई कर्मचारी को करनी होगी। इसी आधार पर उसका भुगतान किया जाएगा, यानी 70 वार्डों में 70 ठेकेदारों की जगह अब केवल एक ठेका एजेंसी पूरे शहर की सफाई व्यवस्था संभालेगी। शासन की मंशानुसार नगर निगम की शहरी सरकार ने हाल ही में एमआईसी की बैठक में इस प्रस्ताव को लेकर प्रारंभिक चर्चा भी की है।

दरअसल शहर के विभिन्न वार्डों में सफाई ठेके को लेकर निर्धारित संख्या से कम संख्या में ड्यूटी पर सफाई कर्मचारी पाए जाने और सफाई कार्य में कोताही बरतने की शिकायत आम हो गई है। निगम प्रशासन हर महीने करीब 7 करोड़ रुपए शहर के 70 वार्डों की सफाई के एवज में अलग-अलग ठेका एजेंसियों को भुगतान करता है।

इसके बावजूद शहर की सफाई अपेक्षा अनुरूप नहीं हो रही है। ऐसे में राज्य शासन रायपुर नगर निगम में केंद्रीकृत सफाई सिस्टम पर जोर दे रहा है, यानी आने वाले दिनों में जोन से वार्डों के लिए अलग-अलग सफाई ठेका न होकर मुख्यालय से सफाई कार्य के लिए ऑनलाइन टेंडर कर एक एजेंसी तय की जाएगी। इस नई व्यवस्था से सफाई कार्य की मॉनिटरिंग जहां आसान होगी, वहीं सफाई कार्य के भुगतान में गड़बड़ी पर रोक लगेगी।

### 70 नहीं, अब केवल एक ठेकेदार

नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि भिलाई, बिलासपुर, कोरबा, जगदलपुर ,अंबिकापुर नगर निगम में पूरे शहर के लिए सेंट्रलाइज्ड टेंडर कर केवल एक ही एजेंसी से शहर की सफाई कराने का बेहतर परिणाम मिला है। अब रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों की सफाई व्यवस्था के लिए बड़ी एजेंसी ऑनलाइन टेंडर कर तय की जाएगी। इससे कार्य में पारदर्शिता आएगी और वार्डों में सफाई कार्य की मॉनिटरिंग संबंधित जेडएचओ के माध्यम से कराई जाएगी, यानी हर वार्ड के लिए एक अलग ठेकेदार की जगह 70 वार्डों के लिए एक साथ सेंट्रलाइज्ड ठेका होगा, जिसमें पापुलेशन और वार्ड वाइज सफाई का प्लान बनेगा।



### ठोस रणनीति बनाकर करेंगे काम

एमआईसी की बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था केंद्रीकृत करने पर चर्चा हुई है। शासन की मंशानुसार आने वाले दिनों में ठोस रणनीति बनाकर इस पर कार्य किया जाएगा। वार्डों की सफाई में निर्धारित संख्या से कम सफाई कर्मचारी मिलने की शिकायत आती रही है, इस पर कड़ाई बरतेंगे। *- मीनल चौबे, महापौर, नगर निगम*

### सेंट्रलाइज्ड टेंडर से ये होंगे फायदे

- ठेका पर रखे सफाई कर्मचारी को 8 घंटे ड्यूटी करनी होगी, हाजिरी लगाने के बाद काम से गैरहाजिर रहने की परिपाटी बंद होगी।
- एक ही तरह की गणवेश में दिखेंगे सफाई कर्मचारी, पहचान करना होगा आसान।
- सफाई के लिए अलग से बनेगा रूट चार्ट
- सफाई ठेका के नाम पर मनमानी पर लगेगा ब्रेक
- रामकी की तर्ज पर केवल एक बड़ी एजेंसी 10 जोन के 70 वार्डों को करेगी कवर।

# सट्टे में हारा तो रकम की भरपाई करने कारोबारी ने रची लूट की फर्जी कहानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी की घनी आबादी में डेढ़ करोड़ रुपए के चांदी के जेवरों की लूट की फर्जी कहानी गढ़कर सनसनी फैलाने वाले



कारोबारी के झूठ का आखिरकार पर्दाफाश हो गया। कारोबारी ने सट्टे में हार की भरपाई के लिए लूट को अंजाम दिया था। हाल के दिनों में लूट की इसी तरह के और कई घटनाएं हो चुकी हैं। उन मामलों में भी कारोबारियों द्वारा सट्टे की रकम की भरपाई करने लूट की फर्जी कहानी गढ़ी गई थी।

उत्तरप्रदेश निवासी राहुल गोयल ने शनिवार को कोतवाली थाने में अज्ञात बदमाशों द्वारा बंधक बनाकर डेढ़ करोड़ रुपए के चांदी के जेवर लूटकर ले जाने की थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। कारोबारी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की।

### चार दिन पूर्व गायब कर दिया था डीवीआर

पुलिस के मुताबिक, राहुल ने घटना के चार दिन पूर्व अपने कमरे में लगा डीवीआर निकालकर फेंक दिया था। इस वजह से पुलिस को घटनास्थल के आसपास बदमाशों का कोई सीसीटीवी फूटेज नहीं मिला। पुलिस के अनुसार राहुल ने एक माह पूर्व से जेवर गायब करने प्लानिंग की थी।

### पुलिस का ये कहना है

पुलिस के तर्क के अनुसार, राहुल चेन फाउंडेशन ऑफ आगरा में चांदी के जेवर बेचने कमीशन एजेंट के रूप में काम कर रहा था। वह पूर्व में ईंट भट्ठे का संचालन करता था। ईंट भट्ठे में नुकसान होने पर उसने कमीशन पर चांदी बेचने का काम शुरू किया। बावजूद इसके नुकसान की भरपाई नहीं होने पर राहुल अलीगढ़ में सट्टा खेलने लगा। सट्टे में भी नुकसान होने पर वह अप्रैल माह से धीरे-धीरे कर चांदी के जेवर बेचकर नुकसान की भरपाई करने लगा।

### सालभर में फर्जी लूट की यह तीसरी वारदात

सट्टा तथा अन्य देनदारियों की भरपाई करने राजधानी में एक साल के भीतर यह तीसरी वारदात है। दो माह पूर्व अगस्त में बोरिंग पार्ट्स के कारोबारी चिराग जैन ने 15 लाख रुपए फर्जी लूट की कहानी गढ़ी थी। पड़ताल करने पर पुलिस ने पाया कि चिराग पर एक करोड़ रुपए की देनदारी थी। इस वजह से उसने फर्जी लूट की कहानी गढ़ी। इसी तरह पिछले वर्ष एक रियल एस्टेट के सुपरवाइजर ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर 20 लाख रुपए की फर्जी लूट की थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। बताया जा रहा है, मनोज ने सट्टे की रकम की भरपाई करने अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी लूट की कहानी गढ़ी थी।

# सायकिल रेस, सभी वर्ग के विजेता बच्चे पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

साइक्लिंग ग्रुप अटल नगर नवा रायपुर द्वारा 7 से 15 वर्ष के बच्चों हेतु रोमांचक साइकिल रेस का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता तीन वर्ग 7 से 09 वर्ष, 10 से 12 वर्ष एवं 13 से 15 वर्ष आयु वर्ग मे संपन्न हुई जिनमें क्रमशः 3, 6 और 9 किलोमीटर की दूरी तय की गई। ग्रुप ए में प्रचेत ने प्रथम, आदर्श ने द्वितीय और आयांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप बी में नैतिक, शिवम और आयुष विजेता बने, वहीं ग्रुप सी में अथर्व, देवश और वैभव ने स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को संस्था की ओर से मेडल, कैश प्राइज और सर्टिफिकेट प्रदान किए गए तथा सभी प्रतिभागियों को नाश्ता वितरित किया गया। साइकिल यात्रा का शुभारंभ नवा गांव खपरी के सरपंच धर्मेंद्र पटेल एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय मंत्री त्र्यंबक राव सोनटके ने हरि झंडी दिखाकर किया। कार्यक्रम का संचालन संजय कदम ने किया। इस अवसर पर वर प्रसाद कोला, पवन तिवारी, ज्योति टाक, रश्मि शर्मा, नागनाथ, उज्जवल, आलोक, हर्ष, अमरेश सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# संघ के शताब्दी वर्ष पर किया गया पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नवापारा द्वारा संघ की शताब्दी वर्ष को लेकर रविवार को विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवक गायत्री माता शक्ति पीठ, माता कर्मा मंदिर, श्रीराम जानकी मंदिर व सामुदायिक भवन से पथ संचलन के लिए निकले। सामुदायिक भवन में सुबह 10:30 बजे स्वयंसेवकों ने ध्वज प्रणाम कर प्रार्थना की। इस अवसर पर ध्वजवाहक मनीष जैन, ध्वज संरक्षक के रूप में ओमप्रकाश वर्मा, वीरेन्द्र साहू, सोहन साहू, किशोर देवांगन रहे। इस दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।



# दुर्गा प्रतिमा विसर्जन का कार्य पूरा 926 प्रतिमाएं कुंड में विसर्जित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- महानवमी के दिन शुरू हुआ था विसर्जन का सिलसिला, रविवार सुबह भी प्रतिमा विसर्जित

राजधानी के महादेवघाट खारुन नदी के पास स्थित नगर निगम के विसर्जन कुंड में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन रविवार की सुबह पूर्ण हुआ। महानवमी से लेकर अब तक कुंड में 926 दुर्गा प्रतिमाएं ससम्मान विसर्जित की जा चुकी हैं। कुंड में जमा ढांचों को निकालने का काम लगातार चल रहा है। इसके चलते कुंड के चारों ओर बांस-बल्ली, पैरा, रस्सी, पूजन में प्रयुक्त सामग्री, थर्माकोल सहित अन्य अवशेषों का ढेर लगा हुआ है। कुंड से गंदा पानी और जमा मिट्टी निकालने का कार्य भी जल्द शुरू होगा।

नगर निगम जोन-8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल की देखरेख में महादेवघाट के विसर्जन कुंड से दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के बाद ढांचा निकालने का काम कराया जा रहा है। क्रेन की मदद से कुंड में जमा हुए ढांचे बाहर निकाले जा रहे हैं। साथ ही अब विसर्जन कुंड में जमा मिट्टी और गंदे पानी को साफ करने जल्द काम शुरू होगा। गंदे पानी को खाली कराकर कुंड की सफाई की जाएगी। जोन-8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल ने बताया कि रविवार की सुबह अंतिम दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए कुंड स्थल पर लाई गई। अब कुंड की सफाई पर जोर दिया जा रहा है। विसर्जन के दौरान जमा ढांचों की नीलामी के लिए जोन स्तर पर टेंडर किया जाएगा। लकड़ियों के ढेर सहित अन्य तरह के अवशेष की सफाई कराई जाएगी।



### तीन पालियों में ड्यूटी 90 गोताखोर लगाए

विदित हो कि दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान तीन पालियों में जोन स्तर के अधिकारी-कर्मचारियों की प्रशासनिक स्तर पर ड्यूटी लगाई गई। साथ ही मूर्तियों के सुरक्षित व सम्मानजनक तरीके से विसर्जन के लिए 90 गोताखोर उपलब्ध कराए गए। विसर्जन का कार्य सुचारू रूप से चलता रहे, इसके लिए नगर निगम ने 7 क्रेन की व्यवस्था की थी।

## निधन

### डॉ केके शर्मा

**अभनपुर।** कठिया (सिमगा) निवासी और सेवानिवृत्त



चिकित्सक डॉ केके शर्मा (89) का 5 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम कठिया के मुक्तिधाम मे किया गया। वे खोरपा(अभनपुर) निवासी संजय शर्मा के पिता थे।

### परेमिन बाई घिदौड़े

**अभनपुर।** ग्राम खपरी नवारायपुर निवासी श्रीमति परेमिन बाई घिदौड़े



का 5 अक्टूबर का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। वे घनश्याम दास घिदौड़े,मोहन लाल घिदौड़े,लेखराम घिदौड़े,भूपेश घिदौड़े की माता थी।

## पेज 9 के शेष...

### सड़क, बिजली, शिक्षा...

बिजली आज तक नहीं लगी है सौर प्लेट लगाया गया है जो बेहद जर्जर हो गया है और महज 2-3 घंटे जलने के बाद पूरी रात ग्रामीणों को अंधेरे में जीवन यापन करना पड़ता है। स्वास्थ्य की स्थिति बेहद खराब है इस क्षेत्र को मलेरियाजनित क्षेत्र कहा जाता है यहां आसपास ग्रामो में हमेशा बुखार व मौसमी बीमारियो का प्रकोप देखने को मिलता है गांव में आंगनबाड़ी है लेकिन सुविधा नही है कहने को तो गांव में जल जीवन मिशन के तहत प्लास्टिक टंकी लगाकर नलो के टोटी लगाई गई है लेकिन इससे पानी नही निकल रहा है। **अब तक समस्या का समाधान नहीं-** ग्राम मोतीपानी के ग्रामीणों ने बताया की इन समस्याओं से मैनपुर के अधिकारियों से लेकर जिला और प्रदेश स्तर तक आवेदन भेज चुके हैं और तो और जनसमस्या निवारण शिविर ग्राम सुराज शिविर में भी आवेदन देकर थक चुके हैं लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं किया गया। यह गांव आदिवासी बहुल्य ग्राम है बावजूद इसके ग्रामीण मूलभूत बुनियादी सुविधाओं को तरस रहे हैं।

### बिजली दरों में वृद्धि...

जूझ रही है। अगर सरकार ने जनविरोधी निर्णय वापस नहीं लिया, तो जनता सड़कों पर उतरकर जवाब देगी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता शैलेंद्र साहू ने कहा की कांग्रेस सरकार के समय गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत देने के लिए हाफ बिजली योजना शुरू की गई थी। लेकिन भाजपा ने आते ही इस योजना को बंद कर जनता की जेब पर सीधा वार किया है। आज प्रदेश का हर परिवार बढ़ते बिजली बिल से त्रस्त है। कांग्रेस जनता के साथ खड़ी है और इस अन्याय के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ेगी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम सोनवानी ने कहा की भाजपा के नेता बिजली बिल की बढ़ोतरी पर मौन क्यों हैं? क्या उनके घरों में मीटर अलग चलता है? जनता के घरों में बढ़ते बिल से हाहाकार मचा है।

### धान की फसल में...

मानते हैं कि फसलों को रोग से बचाने के लिए कतार बोनी (लाइन सोइंग) काफी हद तक कारगर होती है, लेकिन कृषि विभाग की ओर से इसके प्रचार-प्रसार में भी केवल औपचारिकता का निर्वहन किया जा रहा है। इन दिनों किसान अपने खेतों में बीमारियों से बचाव के लिए दवा का छिड़काव करते नजर आ रहे हैं, लेकिन उनकी चिंता कम नहीं हो रही है क्योंकि महंगी दवाओं के बावजूद बीमारी नियंत्रण में नहीं आ रही है।

## सतगुरु बाबा किशनपुरी साहब का वर्सी महोत्सव शुरू, दुग्धाभिषेक पंचामृत से कराया स्नान

**रायपुर।** पुरानी बस्ती लिली चौक स्थित श्री दुर्गा माता मंदिर मढ़ी के 23 वें पातशाही श्रीश्री 1008 सतगुरु किशनपुरी साहेब का तीन दिवसीय 35वां वर्सी महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर भोपाल के संत सांई तुलसीदास, रीवा के संत सांई हंसदास विशेष रूप से वर्सी महोत्सव में शामिल होने के लिए रायपुर पहुंचे और सुबह से ही सभी कार्यक्रमों में शामिल हुए। इसके बाद दोनों संतों ने अपनी अमृतवाणी में भक्तों को रसपान कराया, सत्संग के माध्यम से भक्त और गुरु का रिश्ता कितना पवित्र अनमोल होता है और कितना मजबूत होता है, इसके बारे में कई दृष्टांत के साथ विस्तार से समझाया। यह जानकारी सेवादार किशोर आहूजा और विजय दुसेजा ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के पहले दिन रविवार को सतगुरु बाबा किशनपुरी साहेब को दुग्धाभिषेक पंचामृत से स्नान कराया गया। इसके बाद नए वस्त्र धारण कराए गए और विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना तथा आरती भी की गई। इसी दौरान सभी भक्तजनों के लिए अग्रसेन धाम में आम भंडारा रखा गया, जहां बड़ी संख्या में भक्तों ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

## अधिकृत जमीनों के शीघ्र भुगतान करने की मांग

**अभनपुर।** ग्राम पंचायत खण्डवा सहित नवा रायपुर क्षेत्र के किसानों ने नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण (एनआरडीए) से मांग की है कि जिन किसानों की जमीन प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहित की गई है, उन्हें हर वर्ष मिलने वाली 15 हजार रुपये की वार्षिक सहायता राशि जल्द से जल्द प्रदान की जाए। किसानों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण को आवेदन देकर कहा है कि दीपावली त्यौहार नजदीक है और किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए यह राशि त्यौहार से पहले जारी की जाए ताकि किसान भाई अपने परिवार के साथ खुशहाली से दीपावली मना सकें। इस विषय को लेकर खण्डवा के सरपंच सुशीला जगदीश भारती ने कहा किसानों की जमीन नवा रायपुर विकास के लिए दी गई थी, लेकिन बदले में उन्हें मिलने वाली वार्षिक सहायता राशि समय पर नहीं मिल रही है। प्रशासन से हमारी यही मांग है कि किसानों की इस राशि को दीपावली पूर्व जारी किया जाए ताकि वे अपनी खुशियों का त्यौहार बिना किसी आर्थिक परेशानी के मना सके। उन्होने बताया कि उक्त विषय को लेकर एनआरडीए सीईओ से बात हुई है उन्होने जल्द ही राशि प्रदान करवाने का आश्वसन दिया है।

## गाड़ियों की बैटरी हो रही चोरी दो मामलों में रिपोर्ट दर्ज

**महासमुंद।** गाड़ियों से बैटरी चोरी के दो मामलों में सिटी कोतवाली महासमुंद और सरायपाली थाने में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। कोतवाली पुलिस को गणेश देवांगन निवासी वार्ड नंबर 17 कुर्मीपारा महासमुंद ने बताया कि वह श्री महावीर बजरंग मेटाडोर ओनर्स कल्याण संघ महासमुंद में सचिव है और उनके यूनियन में कुल 30 छोटा हाथी एवं पिकअप वाहन चलते हैं।

### आयोजन : पहाड़ी ऊपर पूजा अर्चना कर देवी- देवताओं की निकाली गई शोभायात्रा

# चौकसील मेले में शरद पूर्णिमा की रात उदंती टाइगर रिजर्व में उमड़ा जनसैलाब





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश के गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड के अंतर्गत स्थित आदिवासियों का प्रमुख धार्मिक स्थल, उदंती टाइगर रिजर्व के भीतर घने जंगल और पहाड़ पर लगने वाला 'चौकसील मेला' अपनी विशिष्टता के कारण खासा प्रसिद्ध है। यह मेला वर्ष में एक बार, शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा की रोशनी में आयोजित होता है, जिसमें शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ और ओडिशा प्रदेश से हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। रविवार से ही प्रदेश के कोने-कोने से श्रद्धालुओं का यहां आना प्रारंभ हो गया था। सोमवार को मेले का मुख्य आयोजन किया गया, जिसमें देर शाम तक लगभग 30 हजार से अधिक लोगों की भीड़ उमड़ चुकी थी। तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 38 किलोमीटर दूर, उदंती अभ्यारण्य के घने जंगल और पहाड़ी के ऊपर स्थित चौकसील पहाड़ी पर गढ़िया माता के दरबार में यह तीन दिवसीय मेला चल रहा है।

**झांकर, पुजारी, बैगा, सिरहा सम्मेलन का आयोजन-** आदिवासी भुंजिया नेता टीकम सिंह नागवंशी, अर्जुन सिंह नायक, दीपक मंडावी सहित अन्य नेताओं ने बताया कि दशहरा पर्व के बाद शरद पूर्णिमा से तीन दिनों तक यहां झांकर, पुजारी, बैगा, सिरहा सम्मेलन का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। इस आयोजन में प्रदेश भर से बैगा, सिरहा, पुजारी, झांकर पहुंचकर विचार गोष्ठी करते हैं, जहां देवी-देवताओं, आदिवासी संस्कृति और देव पूजा पद्धति से लोगों को अवगत कराया जाता है।

**चंद्रमा की रोशनी में सांस्कृतिक कार्यक्रम-** यह मेला छत्तीसगढ़ में अपने तरह का पहला मेला है, जो पूरी तरह से चंद्रमा की रोशनी में आयोजित होता है। चौकसील पहाड़ी पर बिजली की व्यवस्था नहीं है, लेकिन शरद पूर्णिमा की रात यहां चंद्रमा की रौशनी में पूरी रात विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। गोण्डी धर्म संस्कृति से संबंधित झांकर पुजारी बैगा सम्मेलन के साथ ही ओडिशा प्रांत से भी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और नृत्य का आयोजन किया जा रहा है, जो रातभर चलेगा।

**शरद पूर्णिमा की रात अमृत वर्षा की मान्यता-** आयोजन समिति ने बताया कि शरद पूर्णिमा की रात लगभग 50 हजार श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, जिनके लिए समिति द्वारा महाभंडारा (भोजन) की व्यवस्था की गई है। ऐसा माना जाता है कि शरद पूर्णिमा की रात आसमान से अमृत की वर्षा होती है, और खुले आसमान के नीचे लोग पूरी रात जागकर मेले का आनंद लेते हैं।



### देवी-देवताओं की भव्य शोभायात्रा

सोमवार को सुबह विधिविधान के साथ पूजा-अर्चना कर देवी-देवताओं की शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे पहाड़ी क्षेत्र का परिक्रमा किया। इस दौरान देवी-देवताओं से आशीर्वाद लेने के लिए हजारों लोग उमड़ पड़े। एक दिन पहले रविवार से ही देवी-देवताओं का आने का सिलसिला शुरू हो गया था। 52 गढ़ बारह पाली के हजारों लोगों ने चौकसील पहाड़ी के ऊपर गढ़ियामाता, गादी मां, माता कुलेश्वरी, और बारह पाली के देवी-देवताओं की विशेष पूजा-अर्चना और श्रृंगार कर शोभायात्रा निकाली। देवी-देवताओं के आकर्षक और हैरतअंगेज नृत्य व शौर्य प्रदर्शन को देखने और उनसे आशीर्वाद लेने के लिए हजारों श्रद्धालु पहुंचे। बस्तर और ओडिशा से भी बड़ी संख्या में देवी-देवता डांग, डोली और बाना के साथ मेला में शामिल हुए।

### 8 किलोमीटर कच्चे रास्ते पर लगा लंबा जाम

मेले की बढ़ती ख्याति के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने छोटे बच्चों के साथ सहपरिवार पहुंच रहे हैं। बम्हनीझोला तक नेशनल हाईवे मार्ग के बाद चौकसील पहुंचने के लिए 08 किलोमीटर कच्ची सड़क का सफर तय करना पड़ता है, जिसका निर्माण पंचायत एवं ग्रामीणजनों के सहयोग से किया जाता है। हजारों की संख्या में मोटरसाइकिल, ट्रैक्टर, जीप, पिकअप, बैलगाड़ी और घोड़े जैसे विभिन्न वाहनों के पहुंचने के कारण सड़क पर जाम की स्थिति बन गई है। 08 किलोमीटर की यह दूरी तय करने में लोगों को 5 घंटे से ज्यादा का समय लग रहा है, जिससे कई किलोमीटर तक लोगों को पहाड़ी पर पैदल चलना पड़ रहा है।

# वन्यजीव संरक्षण सप्ताह के तहत उदंती रिजर्व में मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

वन्यजीव संरक्षण सप्ताह के तहत आज बोतलधारा से देवधारा तक 10 किलोमीटर दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें भारी उत्साह के साथ प्रतिभागी भाग लिए। वन्यजीव संरक्षण सप्ताह 2 अक्टूबर से 08 अक्टूबर 2025 वनमंत्री केदार कश्यप, अरुण पांडेय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) रायपुर छत्तीसगढ़, श्रीमती मणिवास्गन एस मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) एवं क्षेत्र संचालक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व रायपुर, वरुण जैन, उपनिदेशक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद के कुशल मार्गदर्शन में उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद (छ.ग.) में वन्यजीव संरक्षण सप्ताह 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर 2025 तक आयोजन के अंतर्गत उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद के सभी मैदानी वन अमलों की शारीरिक तंदरुस्ती बनाये रखने के लिए आज दिनांक 05.10.2025 को 25–45 वर्ष से आयु के हॉर्नबिल ग्रुप में 37 अधिकारी/कर्मचारी एवं 45 वर्ष से अधिक आयु के हाथी ग्रुप में 35 अधिकारी/कर्मचारियों ने मिनी मैराथन दौड़ में उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। सी.आर.पी.एफ. कैम्प कुल्हाड़ीघाट से हॉर्नबिल ग्रुप को 10 कि.मी. देवधारा जलप्रपात (पायलीखण्ड) तक एवं सीआरपीएफ कैम्प कुल्हाड़ीघाट से ही हाथी ग्रुप को 5 किमी गौरमुंड तक दूरी तय करने का मिनी मैराथन रखा गया।

### वनरक्षक अशोक निर्मलकर प्रथम

हॉर्नबिल ग्रुप 10 किलो मीटर मिनी मैराथन दौड़ मे 37 प्रतिभागी में राकेश मारकण्डेय वनरक्षक प्रथम, रोहित निषाद गेमगार्ड द्वितीय एवं रोशन सोनकर गेमगार्ड तृतीय स्थान दूरी तय किया गया। हाथी ग्रुप 5 किलो मीटर मिनी मैराथन दौड़ में 35 प्रतिभागी में अशोक निर्मलकर वनरक्षक प्रथम, शिवलाल मरकाम द्वितीय एवं रतनलाल यादव वनपाल तृतीय स्थान दूरी तय किया गया। वन्यजीव संरक्षण सप्ताह 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर 2025 तक के कार्यक्रम के तहत उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद के सभी ग्रामवासियों को वन्यजीवों का संरक्षण, संवर्धन, जागरुकता प्रचार प्रसार एवं स्कूली बच्चो को वन्यजीवों के संबंध में क्वीज, चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाना है। वन्यजीव संरक्षण सप्ताह 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर 2025 तक आयोजन के अंतर्गत सभी मैदानी वन अमलों की शारीरिक तंदरुस्ती बनाये रखने के मिनी मैराथन दौड का आयोजन प्रबंध मे वन परिक्षेत्र अधिकारी इंदागांव सुशील सागर एवं राकेश मारकण्डेय वनरक्षक, रोहित निषाद गेमगार्ड का सफल योगदान रहा।

# मोबाइल नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे हैं क्षेत्र के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

आजादी के 75 वर्ष बीत चुके हैं और आज देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को डिजिटल इंडिया बनाने की ओर अग्रसर है। भारत 4जी से 5 जी की ओर भी बढ़ चुका है लेकिन ग्राम रसेला तथा क्षेत्र के ग्रामीण आज भी मोबाइल नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे हैं। कई विधायक और सरकारें बदल गई लेकिन आज तक गांव के इस समस्या का हल नहीं हो पाया है। विदित हो कि गांव में मोबाइल नेटवर्क नहीं होने से लोगों को मोबाइल, नेट बैंकिंग, सोशल मीडिया सहित ऑनलाइन सेवाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। छात्र-छात्राओं ने बताया कि नेटवर्क की समस्या के चलते ऑनलाइन पढ़ाई, यूट्यूब, एजुकेशनल एप्लिकेशन नहीं चल पाता, जिससे वे शिक्षा में पिछड़ते जा रहे हैं। उच्चतर शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षा के लिए बुवा आनलाइन माध्यम का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं और वे पलायन के लिए मजबूर हैं। इसके अलावा ग्रामीण शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं और विकास की धारा से अलगाव होते जा रहा है।

**आवेदन फार्म भरने करना पड़ रहा घंटों इंतजार-** गांव में नेटवर्क की समस्या होने से ऑनलाइन फार्म भरने में घंटों का समय लग रहा है। क्षेत्र में ऐसी हालात है कि युवाओं को वेकेंसी के लिए फार्म भरने के लिए बहुत दिक्कतें का सामना करना पड़ता है। इसके साथ अन्य योजनाओं का भी लाभ लेने ग्रामीणों को मशक्कत करना पड़ रहा है।

### छत पर चढ़कर लगाना होता है कॉल

हजारों की आबादी वाले इस गांव के सभी परिवारों के पास मोबाइल है लेकिन मोबाइल में नेटवर्क नहीं है। लोगों को कॉल करने के लिए घर की छत, ऊंचाई वाले स्थान या घर से



बाहर दूर जाना पड़ता है तभी उनका किसी से संपर्क हो पाता है। इस नेटवर्क समस्या के कारण कई बार आपातकाल की स्थिति में लोगों को तत्काल 108 एंबुलेंस, 102 महतारी एक्सप्रेस जैसी अनेक आपातकालीन सेवाओं का लाभ भी नहीं मिल पाता जिससे जान को जोखिम में डालने की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। यह समस्या लंबे समय से है लेकिन शासन-प्रशासन, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि गांव में नेटवर्क टावर लगाने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। ग्रामवासियों ने शासन-प्रशासन से जल्द इस समस्या का हल करते हुए ग्राम रसेला में एक प्रमुख मोबाइल कंपनी का टायर लगाने की मांग की है।

# पूर्व सांसद चंदूलाल मुंगझर देवदशहरा में हुए शामिल, देवी-देवताओं की पूजा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



महासमुंद के लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद एवं छत्तीसगढ़ राज्य भण्डार गृह निगम के अध्यक्ष चन्दुलाल साहू गरियाबंद जिला के ग्राम मुंगझर देवदशहरा में शामिल होने पहुंचे तो ग्रामीणों ने उनका गाजे -बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप भी उपस्थित थे। चन्दुलाल साहू ने देवदशहरा में पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख -शांति समृद्धि और खुशहाली की कामना किया।

पूर्व सांसद चन्दुलाल साहू ने सभी को देवदशहरा पर्व की शुभाकामना देते हुए कहा कि हमारी संस्कृति और परम्परा ऐतिहासिक रहा है, उस परम्परा का निर्वाहन करते हुए हम एक दूसरे के साथ भाईचारा के साथ कार्य करें। उन्होने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हम सब छत्तीसगढ महतारी के कोख में जन्म लिये है, यहां अपार खनिज सम्पदा, वन्य सम्पदा भरा हुआ है, सोना, चांदी, कोयला, हीरा सब कुछ है, छत्तीसगढ लगातार भाजपा सरकार में विकास के पथ पर आगे बढ रहा है इस दौरान कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से लोकेन्द्र सिंह कोमर्रा, महेश पटेल, भारतीसाय भगत, डीगोंराम नेताम, राजेन्द्र सोम, सुशिला पाथर, नवनीत क"यप, बलदेव सिंह हुंदल एंव क्षेत्र के जनप्रतिनिधि शामिल हुए, इस दौरान मेला का आयोजन किया गया और हजारों की संख्या में लोग पहुचे तो वही दुसरी ओर देवी देवताओं की पुजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख शांति समृध्दि और खुशहाली की कामना की गई।

### ग्राम गरहाडीह में धान खरीदी केन्द्र खोलने पूर्व सांसद को सौंपा ज्ञापन

महासमुन्द लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद चन्दुलाल साहू आज सुबह 11 बजे जब मैनपुर पहुंचे तो लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका फूलमाला के साथ जोरदार स्वागत किया। इस दौरान स्थानीय भाजपा



कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर भाजपा सरकार के योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की अपील किया। इस दौरान शोभा के सरपंच घनश्याम मरकाम के साथ क्षेत्र के ग्रामीणों ने एक ज्ञापन सौपकर ग्राम गरहाडीह में नया धान खरीदी केन्द्र खोलने की मांग किया। ग्रामीणों ने बताया कि धान खरीदी केन्द्र शोभा की दूरी 12 से 13 किलोमीटर दूर होने के कारण किसानों को भारी परेशानी होती है। ऊपर से नदी, नाला के चलते भी लोग परेशान है। ग्रामीणों ने मांग किया की गरहाडीह में धान खरीदी केन्द्र खोला जाए जिस पर पूर्व सांसद ने तत्काल गरियाबंद जिला के कलेक्टर को फोन लगाकर इस मामले में कार्यवाही करने को कहा है। इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री घनश्याम मरकाम, मनोज मिश्रा, नरोत्तम साहू, बलदेव सिंह हुंदल, रूपेश साहू, मनोज निर्मलकर, मोहन कुशवाहा एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मंदिर में उमड़ी मातृशक्तियों की भीड़, की गई स्वल्पाहार की व्यवस्था

# श्री राधाकृष्ण मंदिर के शताब्दी वर्ष की भव्य तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



राधाकृष्ण मंदिर को 30 नवम्बर 2025 को 100 साल पूरे होने जा रहा है। जिसके लिए मंदिर ट्रस्ट एवं नगरवासी इस शताब्दी वर्ष को एक विशाल महोत्सव के रूप मनाने का संकल्प लिया है, इस दौरान पूरे नगरवासियों को भोजन प्रसादी, विशाल महायज्ञ, 3 दिवसीय राधकिशोरी के द्वारा नानी बाई का मायरा, विशाल भजन संध्या, विजय शंकर मेहता जी का उदबोधन एवं विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस शोभायात्रा में ऊंट, घोड़े, राजनांदगांव की महाकाल की विशाल झांकी, उड़ीसा के उड़िया नृत्य, बस्तर के मुरिया नृत्य, राउत नाचा, बेंड बाजा, भजन मंडली सभी आयोजनों की जवाबदारी अलग- अलग समाज एवम संस्थाओं को सौपी जा रही है। नगर के हर घर में आमंत्रण पत्र भेजे जावेंगे। शोभा यात्रा की जवाबदारी श्री सालासर सुन्दरकाण्ड हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति को सौंपी गई है। इस संबंध में आज मंदिर प्रांगण में सालासर समिति एवम मंदिर ट्रस्ट ने सभी समाज की नारी शक्तियों की विशाल बैठक आयोजित की गई,जिसमे सैकड़ों की संख्या में महिला समूह, आंगनबाड़ी, मितानिन, ग्रीन आर्मी, गायत्री परिवार, रामायण समिति, सालासर हनुमान चालीसा समिति एवम हर समाज की माता बहने इस बैठक में शामिल हुई, सबसे बड़ी बात रही कि ठीक बैठक के समय मे बारिश होने लगी पर नारी शक्ति का उत्साह कम नहीं हुवा, बैठक को गिरधारी अग्रवाल, पूजा, निधि वर्षा अग्रवाल, नगरपालिका अध्यछ ओम कुमारी साहू, नीता धीवर, पदमणी सोनी, अन्नपूर्णा देवांगन, रानी निसाद योगिता सिन्हा, साधना सौरज, हर्षा कंसारी, रेणुका तिवारी, कस्तूरी साहू, उमा गुप्ता आदि ने अपने विचार एवम सुझाव रखे। पूरे कार्यक्रम का संचालन राजू काबरा ने किया। इस बैठक में मोहनलाल , गोपाल, अभिषेक, अग्रवाल अग्रवाल, विना, गौरी अग्रवाल रूपेंद्र चन्द्राकर, संतोष अग्रवाल, सरिता सिंह, हनुमान चालीसा सदस्य, मयाराम साहू, गिरधारी सेन, आदि नगरवासी उपस्थित थे, सभी के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई, आभार प्रदर्शन वर्षा रवि अग्रवाल ने किया।

